भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 510**

उत्तर देने की तारीख 28.11.2024

**प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नति ग्राम अभियान**

510. श्री टी.एम. सेल्वागणपति:

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ऐसे पैकेज को मंजूरी दी है जिसके अंतर्गत देश भर के आदिवासी परिवारों और गांवों को अपने घरों को टूरिस्ट होमस्टे में बदलने या नए घर बनाने के लिए 5 लाख रुपये तक की राशि प्रदान की जाएगी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि यह प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नति ग्राम अभियान (पीएमजेयूजीए) के तहत योजनाबद्ध 25 कार्यक्रमों में से एक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पीएमजेयूजीए के तहत पांच वर्षों में खर्च किए जाने वाले कुल 79,156 करोड़ रुपये के परिव्यय, जिसमें केंद्र का हिस्सा 56,333 करोड़ रुपये और राज्यों का हिस्सा 22,823 करोड़ रुपये है, में से कुल कितनी राशि खर्च की गई है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (ग)**: प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान (बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार नाम) को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के रूप में शुरू (लॉन्च) किया गया है। इस अभियान के तहत एक उपाय होमस्टे के साथ जिम्मेदार पर्यटन है। इस उपाय में 1000 जनजातीय होमस्टे के लिए प्रति पात्र परिवार ₹5 लाख (नए निर्माण के लिए) / ₹3 लाख (नवीनीकरण के लिए) तक का प्रावधान है। इस योजना में उस गांव को ₹5 लाख देने का भी प्रावधान है जिसमें संबंधित ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए ये होमस्टे स्थापित किए जाएंगे।

**(घ):** चूंकि अभियान हाल ही में 2 अक्टूबर 2024 को शुरु (लॉन्च) किया गया है, शिक्षा मंत्रालय ने 304 छात्रावासों के लिए 1104.90 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 30 एमएमयू के लिए 10.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 1.16 लाख एडबल्यूएस (आवास) के लिए 815.05 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

*****